खबर संक्षेप

चोरी के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

कटनी। ढीमरखेड़ा थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने इस प्रकरण में पहले ही चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली थी। पुलिस के अनुसार, 22 अगस्त 2026 को ग्राम महगवां निवासी फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर के बरामदे से अज्ञात व्यक्ति करीब 50 हजार रुपये कीमत की मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया है। शिकायत पर थाना ढीमरखेड़ा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान संदेही सनत कुमार पिता दलवीर यादव, निवासी ग्राम करौंदा, थाना उमरिया, जिला उमरिया के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में उसने बताया कि मोटरसाइकिल ग्राम महगवां निवासी रस्ते सिंह पिता फागू सिंह चोरी कर लाया था और बेचने के लिए उसके पास रख गया था। इसके बाद से रस्ते सिंह फरार चल रहा था। पुलिस ने 27 अक्टूबर को उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा निरीक्षक महिमा रघुवंशी, एएसआई जयपाल सिंह, प्रधान आरक्षक दीपक श्रीवास तथा आरक्षक अजय धुर्वे और रंजीत सिंह की भूमिका रही।

मिलावटी मावा और मिठाइयों की बिक्री रोकने संयुक्त जांच दल गठित

कटनी। दीपावली के त्योहार पर मिलावटी मावा, खोवा और मिठाइयों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने जांच अभियान शुरू करने की तैयारी की है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर उपखंड मजिस्ट्रेट विजयराघवगढ़/बरही ने क्षेत्र की मिष्ठान दुकानों की आकस्मिक जांच के लिए राजस्व अधिकारियों और खाद्य सुरक्षा निरीक्षकों के संयुक्त दल गठित किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, विजयराघवगढ़ तहसील के संपूर्ण क्षेत्र में मिष्ठान दुकानों की जांच की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार राजेन्द्र श्रीवास्तव और खाद्य सुरक्षा निरीक्षक अशोक कुमार कुर्मी को सौंपी गई है। इसी तरह बरही तहसील के संपूर्ण क्षेत्र में नायब तहसीलदार संतोष कुमार श्रीवास्तव और खाद्य सुरक्षा निरीक्षक ओ.पी. साहू संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाएंगे। दोनों दल अपने-अपने क्षेत्र में मिष्ठान दुकानों की आकस्मिक जांच कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे। जांच दलों को मिलावटी मावा, खोवा और मिठाइयों की रोकथाम के लिए आवश्यक जांच करने तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच पूरी होने के बाद संबंधित दलों को अपना प्रतिवेदन उपखंड मजिस्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

बातों में उलझाकर 98 हजार की लगाई चपत

कटनी। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत झुरही रोड जैन गौशाला के पास रहने वाले एक व्यक्ति के साथ शातिर ठग ने उसके ही दोस्त बनकर बड़ी ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम दिया। आरोपी ने फोन पर मित्र बनकर बातचीत की और छलपूर्वक खाते से 98,000 रुपये उड़ा लिए। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी बाल्मीक प्रसाद मिश्रा जो बालाजी नगर निवासी हैं, के पास एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉलर ने खुद को प्रार्थी का करीबी दोस्त बताकर बातचीत शुरू की। दोस्त की आवाज और लहजे में की गई इस मीठी बातचीत ने प्रार्थी को झांसे में ले लिया। ठग ने बातों ही बातों में ऐसा जाल बुना कि प्रार्थी उस पर भरोसा कर बैठा। इसी भरोसे का फायदा उठाते हुए शातिर आरोपी ने छलपूर्वक और धोखाधड़ी कर प्रार्थी के बैंक खाते/ऑनलाइन माध्यम से 98,000 रुपये अपने पास ट्रांसफर करवा लिए या ऐंठ लिए। जब प्रार्थी को अपने साथ हुई इस ठगी का अहसास हुआ होश उड़ गये। घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया गया है।

अतिक्रमण कर व्यवसाय संचालित करने वाले 16 दुकानदारों को ननि ने थमाया नोटिस

शहर के अति व्यस्त मार्गों में अतिक्रमण से आवागमन अवरूद्ध, जाम से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर में यातायात व्यवस्था राहगीरों एवं वाहन चालकों का सिरदर्द बढ़ा रही है। मुख्य मार्गों के किनारे अस्थायी अतिक्रमण से याातायात अवरोधित होता हे जिससे जाम की समस्या बनती है। शहर के अति व्यस्त मुख्य मार्गों में दुकानदारों द्वारा सामग्री फैलाने के साथ ही फुटपाथी दुकानदारों एवं हाथ ठेला संचालकों द्वारा अस्थायी अतिक्रमण करने से सड़कें संकरी हो जाती है जिससे जाम की स्थिति निर्मित होती है।

शहर में सुगम आवागमन की सुविधा एवं यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा सार्वजनिक मार्गों पर किए गए अतिक्रमणों के विरुद्ध अब कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। बुधवार को निगम प्रशासन की अतिक्रमण शाखा द्वारा मिशन चौक से सुभाष चौक मार्ग का निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण कर व्यवसाय संचालित करने वाले 16 व्यापारियों को नोटिस जारी किए गए। निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यापारियों को चिन्हित करते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण के कारण नागरिकों के आवागमन में असुविधा उत्पन्न होती है तथा यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। इसे दृष्टिगत रखते हुए संबंधित व्यापारियों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

अतिक्रमण नहीं हटाने पर होगी कार्रवाई

निगम प्रशासन द्वारा जारी नोटिस में संबंधित व्यापारियों को निर्धारित समयावधि में स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय-सीमा में निर्देशों का पालन नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। निगम प्रशासन का उद्देश्य सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों, राहगीरों एवं वाहन चालकों के लिए आवागमन सुगम बनाना है।

नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों एवं व्यस्त बाजार क्षेत्रों में आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए अतिक्रमणों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। सार्वजनिक मार्गों को बाधा मुक्त रखने, नागरिकों को आवागमन में होने वाली असुविधा दूर करने तथा आवागमन व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने के लिए ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। निगम प्रशासन ने व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक मार्गों एवं फुटपाथों पर अतिक्रमण न करें तथा अपने प्रतिष्ठानों की निर्धारित सीमा में ही व्यवसाय संचालित करें। साथ ही नागरिकों से भी शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने में सहयोग करें।

दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पर की गई निलंबन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर की सफाई व्यवस्था, आवारा पशुओं के नियंत्रण और नागरिकों की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतना तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी करना नगर निगम के एक कर्मचारी को भारी पड़ गया। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने कार्य दायित्वों के प्रति उदासीनता और जवाबदेही के अभाव को गंभीरता से लेते हुए सफाई संरक्षक दीपक मलिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी निलंबन आदेश के अनुसार, श्री मलिक को नगर निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के नियंत्रण के साथ आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए हाका गैंग, अमीरगंज गौशाला और झिंझरी स्थित कांजी हाउस का प्रभार सौंपा गया था। इसके बावजूद सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख मार्गों पर आवारा पशुओं की मौजूदगी बनी रही। सफाई व्यवस्था से संबंधित शिकायतें भी सामने आती रहीं, वहीं समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रकाशित हो रही समस्याओं के निराकरण में भी अपेक्षित तत्परता नहीं दिखाई गई। संबंधित कर्मचारी से पूर्व में कार्यालय द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। इसके बावजूद श्री मालिक द्वारा निर्धारित निर्देशों के अनुरूप जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही के साथ नोटिस की अनदेखी को पर निलंबन की कार्रवाई की।

शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण नहीं होने से नगर निगम की ग्रेडिंग भी प्रभावित हुई। नागरिकों की समस्याओं के समाधान में अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखाना प्रशासनिक जवाबदेही के विपरीत पाया गया। श्री मलिक को अमीरगंज गौशाला एवं झिंझरी स्थित कांजी हाउस में साफ-सफाई और पशुओं के समुचित रखरखाव की जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी। आदेश के अनुसार, इन व्यवस्थाओं के संचालन में भी अपेक्षित गंभीरता और सक्रियता का अभाव सामने आया। इस प्रकार, सौंपे गए दायित्वों के समुचित निर्वहन में लापरवाही बरतने कब कृत्य माना गया। निगमायुक्त द्वारा कर्मचारी के कृत्यों को लापरवाही और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की गई है।

कातिलाना हमला करने वाले आरोपित को भेजा जेल

कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई, सोने की चैन व हथियार किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



डेयरी संचालक पर जानलेवा हमला करने वाले मुख्य आरोपी को कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटी गई सोने की चैन और घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस के अनुसार 26 अक्टूबर को सुख्खन चौक निवासी 57 वर्षीय किशोर तोमर जालपा मंदिर के पास की गली से गुजर रहे थे इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर घात लगाकर बैठे आरोपी ने उन पर अचानक ईंट-पत्थर और लोहे की चैन से हमला कर दिया। इस गंभीर हमले में उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। हमले के दौरान आरोपी ने उनके गले में पहनी हुई सोने की चैन भी लूट ली और मौके से फरार हो गया। शिकायत पर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने मामले को संज्ञान में लिया और थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय को तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। निर्देशों के पालन में पुलिस टीमों का गठन किया गया और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। इसी दौरान पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि आरोपी जबलपुर रेलवे स्टेशन के आसपास देखा गया है और ट्रेन से शहर से बाहर भागने की फिराक में है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की एक टीम तुरंत जबलपुर के लिए रवाना हुई। पुलिस ने बताए गए हुलिया और स्थान के आधार पर रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी कर आरोपी हर्ष द्विवेदी उर्फ लल्ला पंडित को धर दबोचा।

गिरफ्तार आरोपी हर्ष द्विवेदी उर्फ लल्ला पंडित थाना क्षेत्र का एक आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व से ही 11 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है, जहाँ से उसे अग्रिम कार्रवाई के तहत जेल भेज दिया गया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय, उपनिरीक्षक लेख सिंह परिहार, सहायक उपनिरीक्षक प्रहलाद पैकरा, प्रधान आरक्षक अनुराग सोनकर, अजय दुबे, अनिल सेंगर, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, वीरेन्द्र तिवारी, पुष्पराज सिंह तथा आरक्षक अजय प्रताप, अमित सिंह, उपेन्द्र सिंह एवं दीपक तिवारी की भूमिका रही।

भागवत कथा में भक्त प्रहलाद एवं ध्रुव की सुनाई कथा



नगर के चण्डी माता मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो रहे हैं। तिघरा निकुंज धाम के कथा व्यास पंडित अमित शास्त्री कथा का वाचन कर रहे हैं। बुधवार को कथा के तीसरे दिन उन्होंने सुखदेव आगमन, ध्रुव चरित्र और प्रह्लाद चरित्र का प्रसंग सुनाया। भगवान की भक्ति और उनकी महिमा का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा व्यास पंडित अमित शास्त्री ने ध्रुव और प्रह्लाद के प्रसंगों के माध्यम से दृढ़ संकल्प, अटूट श्रद्धा और ईश्वर के प्रति समर्पण का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति और अटूट विश्वास से मनुष्य कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। सोमवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा श्रवण के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

जुआ फड़ में पुलिस ने दी दबिश, तीन गिरफ्तार, 15900 रुपये किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



माधवनगर पुलिस ने थाना क्षेत्र के राबर्ट लाइन में चल रहे जुआफड़ में दबिश दी। मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने फड् से 15,900 रुपये नकद और ताश पत्ते जब्त किए हैं। आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार 28 अक्टूबर को माधवनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रॉबर्ट लाइन क्षेत्र में कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपये लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। इस दौरान कथित तौर पर जुआ खेलते हुए तीन लोगों को पकड़ा गया। पुलिस ने उनके पास और जुआ फड़ से कुल 15,900 रुपये नकद तथा ताश के 52 पत्ते बरामद किए। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों में सुनील मूलजानी (46), निवासी हॉस्पिटल लाइन, माधवनगर, वीरेन्द्र नामदेव (44), निवासी खैबर लाइन, माधवनगर; और राजेश लखानी (44), निवासी समदड़िया कॉलोनी, माधवनगर शामिल हैं।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं डीएसपी (अजाक) अनिमेश द्विवेदी के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह यादव के साथ प्रधान आरक्षक अजित सिंह तथा आरक्षक मणि सिंह, लोकेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह, रणविजय यादव और नवीन शुक्ला की भूमिका रही।

माधवनगर पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि जुआ अथवा अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस के अनुसार, सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

राजस्व विभाग ने की कार्रवाई, सरपंत पति पर कसा शिकंजा

10 हाइवा अवैध मुरूम एवं 8 हाइवा गिट्टी भंडारण पर हुई कार्रवाई, ट्रैक्टर ट्राली जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



बहोरीबंद तहसील मुख्यालय मे बुधवार को राजस्व विभाग ने मुरम व गिट्टी के अवैध भंडारण पर बड़ी कार्रवाई की है। ग्राम पंचायत बहोरीबंद के सरपंच पति ब्रजेश गुप्ता के खिलाफ शासकीय जमीन से मुरूम का अवैध खनन कर उसका अवैध भंडारण करने के मामले में राजस्व विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए मुरूम से भरी ट्रैक्टर ट्राली को जप्त किया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन करने वाले माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

बताया जाता है कि ग्राम पंचायत बहोरीबंद के सरपंच पति ब्रजेश गुप्ता द्वारा लंबे समय से क्षेत्र में मुरूम का अवैध उत्खनन कर उसे ऊंचे दामों पर बेचे जाने की शिकायतें मिल रही थीं। ग्रामीणों की शिकायत पर राजस्व अमले ने मौके पर दबिश दी। जांच के दौरान पाया गया कि सरपंच पति द्वारा ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से मुरूम का अवैध रूप से परिवहन कर नियम विरुद्ध तरीके से एक स्थान पर भंडारण किया जा रहा था।

इस संबंध में नायब तहसीलदार माधव मोगरे ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि बहोरीबंद में बड़े पैमाने पर मुरूम का अवैध भंडारण किया गया है। सूचना के आधार पर राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो वहां मुरूम से भरी हुई ट्रैक्टर ट्राली खड़ी पाई गई। पूछताछ में कोई वैध दस्तावेज या रॉयल्टी पर्ची प्रस्तुत नहीं की जा सकी। जिसके बाद नियमानुसार मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर मुरूम से भरी ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर अभिरक्षा में रखा गया है।

ब्रजेश गुप्ता के उक्त भंडारण स्थल सिमरापटी खसरा नंबर 41 के अंशभाग पर सूर्या होटल के सामने 10 हाईवा मुरम का डंप पाया गया जिसे भी प्रशासन ने अपने कब्जे मे लिया।

बहोरीबंद निवासी अखिलेश गुप्ता पर राजस्व विभाग ने कानूनी शिकंजा कसा। अखिलेश गुप्ता के भंडारण स्थल से भी 8 हाईवा गिट्टी, दो हाईवा रेत व दो हाईवा डस्ट का डंप मिला। उक्त निर्माण सामग्री का कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला जिस पर उक्त निर्माण सामग्री को जब्त किया गया ओर कार्रवाई के लिए खनिज विभाग के अधिकारियो को जानकारी दी गई।

आधुनिक खेती से समृद्ध होंगे खेत-खलिहान, बढ़ेगी किसानों की आय

टनल के शुरू होने से पानी मिलने पर कृषि क्षेत्र में आएगी क्रांति : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



खेती को अधिक लाभकारी बनाकर किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए आधुनिक तकनीकों और उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाना समय की जरूरत है। किसान परंपरागत खेती के साथ आय बढ़ाने वाली नई कृषि विधियों को अपनाएं और अपने खेत-खलिहानों को समृद्धि का आधार बनाएं। यह आह्वान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कटनी कृषि उपज मंडी में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में किसानों को संबोधित करते हुए किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्लीमनाबाद टनल के पूर्ण होने और बरगी बांध की नहर से कटनी जिले में पानी पहुंचने से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से खेती को नई गति मिलेगी और किसानों की समृद्धि के रास्ते खुलेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को प्राकृतिक खेती, उद्यानिकी, श्रीअन्न उत्पादन, पशुपालन और फसल विविधीकरण अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेती में नवाचार और आधुनिक तकनीकों का उपयोग किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने किसानों के कल्याण एवं समृद्धि की कामना करते हुए उन्हें दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और गोवर्धन पूजा का पर्व धूमधाम से मनाने का किसानों से आग्रह किया।

कटनी क्षेत्र के किसानों के लिए शासन के प्रयास जारी है। अभी स्लीमनाबाद में सिंचाई परियोजना से किसानों के लिए नया रास्ता प्रशस्त हुआ है। कटनी को खनिज का गढ़ माना जाता है। लेकिन शासन के प्रयासों से प्राकृतिक व जैविक खेती की संभावनाएं प्रारंभ हुई है। किसानो द्वारा पारंपरिक खेती से हटकर चिया सीड, अश्वगंधा तथा सूखे मेवे काजू की प्रोसेसिंग शुरू होना बहुत शुभ संकेत है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कटनी के प्रगतिशील किसानों से आत्मीय संवाद कर उनके कृषि नवाचारों, स्वरोजगार और घर-परिवार के बारे में जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पथराड़ी पिपरिया निवासी किसान गोविंद पटेल से कृषि नवाचारों के बारे में जानकारी ली। जिस पर उन्होंने बताया कि वे कृषि अभियांत्रिकी विभाग से अनुदान पर हैप्पी सीडर लेकर नरवाई प्रबंधन कर रहे हैं। इसकी 1 लाख 90 हजार रुपये की कीमत में उन्हें 90 हजार रुपये की छूट मिली है। वे आसपास के किसानों को भी नरवाई प्रबंधन के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

ग्राम देवडोंगरा के रामरूप पटेल ने बताया कि वे आठ एकड़ में चिरौंजी, चीकू, धान सहित विभिन्न फसलों की समन्वित खेती कर रहे हैं। इसमें एक एकड़ में एक हजार पपीते के पेड़ तथा एक एकड़ में टमाटर और मिर्च की खेती शामिल है। उन्हें कृषि विभाग से ड्रिप सिंचाई सुविधा पर अनुदान भी मिला है। मुख्यमंत्री से चर्चा में उन्होंने बताया कि उन्होंने बीएससी (पीसीएम) की पढ़ाई की है। उनका बेटा कोटा में नीट की तैयारी कर रहा है, जबकि बेटी सातवीं कक्षा में पढ़ती है।

ग्राम चिखला, रीठी के किसान अशोक मिश्रा ने बताया कि वे 6-7 एकड़ में समन्वित खेती के साथ पशुपालन कर रहे हैं। कृत्रिम गर्भाधान और सेक्स सॉर्टेड सीमन तकनीक से उनके पास उन्नत नस्ल की 10 भैंसें हैं। उन्होंने दुग्ध समृद्धि अभियान से मिले लाभ का भी उल्लेख किया।

खाद्य विभाग की टीम ने मिठाई और खाद्य पदार्थों के लिये नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उपभोक्ताओं को सुरक्षित, शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण और नमूना लेने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी क्रम में टीम ने कटनी और बहोरीबंद क्षेत्र के चार खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर मिलावट की आशंका के चलते विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दुर्गा चौक, खिरहनी कटनी स्थित न्यू बीकानेर मिष्ठान भंडार के गोदाम से खोया, खोया बर्फी, रसगुल्ला एवं नमकीन के नमूने लिए गए। इसी प्रकार बहोरीबंद के बाकल स्थित चंचल होटल से कलाकंद, मिल्क केक एवं मगज लड्डू, सुभाष होटल से खोया पेड़ा एवं मगज लड्डू तथा मां शारदा डेयरी से खोया एवं पनीर के नमूने संग्रहित किए गए हैं।

संग्रहित नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर ही खाद्य पदार्थों की वास्तविक संरचना एवं गुणवत्ता के संबंध में निष्कर्ष निकाला जाएगा। यदि कोई नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा संबंधित नियमों के अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि मिलावटी, अमानक तथा गलत नाम या दावों के साथ बेचे जा रहे खाद्य पदार्थों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

खबर संक्षेप

हाईवे में हुये सड़क हादसे में आटो चालक की हुई मौत

कटनी। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो चालक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामफल यादव 35 साल निवासी पोंसरा, थाना कोतवाली, ऑटो चलाकर जीवनयापन करता था। वह किसी काम से स्लीमनाबाद गया हुआ था। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने उसके ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर चोटें आने के कारण उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्लीमनाबाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने में जुटी है। हादसे के कारणों की भी जांच की जा रही है।

बैंक खाते से 99 हजार रूपये किये पार

कटनी। एन.के.जे. थाना क्षेत्र से साइबर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। प्रार्थी के बैंक खाते से ऑनलाइन माध्यम से 99,000 रुपये पार हो गए। पीड़ित ने मामले की थाने और साइबर सेल में दर्ज कराई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी और शिकायत के अनुसार, एन.के.जे. थाना अंतर्गत जुहली निवासी अमित तिवारी 33 वर्ष के साथ यह घटना हुई। 24 अक्टूबर 2026 को करीब 11:00 बजे जुहली स्थित उनके घर पर ही उनके मोबाइल और बैंक खाते के साथ छेड़छाड़ कर अज्ञात साइबर ठगों ने एक ही ट्रांजैक्शन में खाते से 99,000 रुपये निकाल लिए। घटना के बाद लगातार दो दिन बैंक बंद रहने के कारण पीड़ित तत्काल शाखा नहीं पहुंच सका। इसके बाद जैसे ही बैंक खुला अमित तिवारी बैंक की कटनी शाखा पहुंचे और अपने खाते से रकम कटने की जानकारी दी। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। ट्रांजैक्शन किन परिस्थितियों में हुआ और बैंक की ओर से सूचना क्यों नहीं मिली, इन तमाम बिंदुओं पर पुलिस और साइबर सेल की टीम जांच कर रही है। बैंक का पक्ष सामने आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

बंदर कर रहा था परेशान, वन विभाग की टीम ले गई

कटनी। कटनी जंक्शन के बाहर अस्थाई रूप से रह रहे बंजारा डेरा समूह के लोगों ने एक बंदर को पाल रखा था। यह बंदर आए दिन आसपास के इलाकों में काफी उधम मचाता था और स्थानीय लोगों व राहगीरों को परेशान करता था। बंदर की गतिविधियों से तंग आकर किसी जागरूक नागरिक ने इसकी शिकायत वन विभाग से की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग की टीम ने कटनी जंक्शन स्टेशन के बाहर पहुंची। टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए बंदर को डेरा समूह के कब्जे से सुरक्षित छुड़ाया और अपने साथ ले गई।वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रेस्क्यू किए गए बंदर का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के बाद उसे सुरक्षित प्राकृतिक आवास यानी जंगल में छोड़ दिया जाएगा। वन विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने राहत की सांस ली है।

अचानक बदला मौसम, आसमान में बादलों का डेरा, दोपहर में हुई हल्की बारिश

खेतों में तैयार ख़डी धान की फसल, बदले मौसम एवं बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



अचानक बदले मौसम से किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बुधवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाये नजर आये। दोपहर के समय हल्की बारिश भी हुई। अब किसानों की चिंता इस बात ने बढ़ा दी है कि मौसम की प्रतिकूलता कहीं उम्मीदों पर पानी न फेर दे। खेतों में धान की फसल अधपकी व पकी ख़डी हुई जहाँ धान की उपज पक चुकी है वहाँ हार्वेस्टर से कटाई का कार्य शुरू हो चुका है। किसान खेतो में फसल कटाई-मिसाई कार्य करवा रहे है।लेकिन बिगड़ते मौसम के आगे किसान असहाय है। बहोरीबन्द विकासखण्ड में अभी भी मात्र 10 फीसदी ही धान की फसल पककर तैयार है, 90 फीसदी फसल जो पकने की स्थिति मै है उसमें सप्ताह भर का समय लगेगा।

तेज बारिश फेर न दे मेहनत पर पानी

किसानों का कहना है कि वर्षा काल में पर्याप्त बारिश तो हुई लेकिन बारिश का सिलसिला लगातार चलता रहा जिससे धान की फसल को पकने मै समय लग रहा है। मौसम बदला हुई बारिश-बुधवार को चक्रवात अर्नब की प्रदेश मे एंट्री हो गईं। बुधवार को सुबह से तेज हवाओं के साथ दोपहर को हल्की बारिश होने लगी, हालांकि बारिश ज्यादा देर नहीं चली जिससे किसानों ने राहत की सांस ली!बारिश होने से किसान चिंचित हो उठे व बारिश न हो इंद्रदेव को मनाने लगें।हालांकि मौसम विभाग ने अभी 30 अक्टूबर तक बारिश की संभावना जताई है!मौसम अभी भी कुछ दिन के लिए ठीक नहीं माना जा रहा है। ऐसे में किसानों की चिंता लगातार बनी हुई है। किसानों का कहना है कि एक माह की स्थिति में फसल काफी अच्छी थी और काफी बेहतर पैदावार की उम्मीद बन रही थी लेकिन इन 15 दिनों मै कीट व्याधि के प्रकोप से फसल प्रभावित हुई तो अब यदि बारिश जोरदार हुई तो किसानों की चार माह की मेहनत पर पानी फिर जायेगा।

सप्ताह भर में शुरू होगी कटाई

गौरतलब है कि विकासखण्ड बहोरीबन्द में 25 हजार हैक्टेयर में खरीफ सीजन की खेती हई। किसान जागेश्वर कुशवाहा,जुगल किशोर यादव, श्रीराम यादव,राजेन्द्र हळदकार ने बताया कि लगभग सप्ताह भर बारिश न हो जिससे धान की फसल पककर तैयार हो जाएगी ओर कटाई-मिसाई का कार्य शुरू हो जायेगा क्योंकि अभी खेतो मैं फसल अधपकी खड़ी हुई है ।यदि मौसम का यही रुख बना रहा और अब आगे बारिश की मार पड़ी तो फसल पूरी तरह से खराब हो जाएगी। पहले भी बारिश में धान की फसल जो खेतों मै लेट गईं है उनमें दाना पतला रह जाएगा और इससे वजन कम होगा एवं पैदावार भी प्रभावित होगी।

इनका कहना है

एसएडीओ कृषि विभाग अमर सिंह ऐमा का कहना है कि विकासखण्ड में अभी धान की फसल पूरी तरह पककर तैयार नहीं हुई है जहाँ धान की फसल पककर तैयार हो चुकी है वहाँ कटाई कार्य शुरू हो गया है। सप्ताह भर मैं धान की फसल शत प्रतिशत पककर तैयार हो जाएगी। यदि मौसम ठीक रहा तो नवंबर के पहले सप्ताह तक धान फसल की कटाई-मिसाई कार्य पूर्ण हो जाएगा लेकिन यादि बारिश हुई तो फिर कृषि कार्य पिछड़ेगा।

पौधरोपण से पर्यावरण संरक्षण, जलस्तर में सुधार और सिंचाई को मिला बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रामीण विकास, पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन की दिशा में शासन की योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन रही हैं। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश के कटनी जिले की जनपद पंचायत बड़वारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुड़ा कला के सांघी गांव में आंवला पौधरोपण कार्य ने विकास और पर्यावरण संरक्षण की एक प्रेरणादायक कहानी लिखी है। इस कार्य से न केवल हरियाली को बढ़ावा मिला है, बल्कि जल संरचनाओं, सिंचाई व्यवस्था और भूजल स्तर में सुधार के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं।

ग्राम सांघी में आंवला पौधरोपण कार्य के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। पौधरोपण से हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के साथ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में भी प्रयास किए गए हैं। स्थानीय स्तर पर इस कार्य से पर्यावरण में सकारात्मक सुधार महसूस किया गया है, जिससे ग्रामीणों में प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है।

जल संरक्षण और सिंचाई व्यवस्था में सुधार

आंवला पौधरोपण कार्य के साथ जल संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयासों से क्षेत्र में जल उपलब्धता को बेहतर बनाने में सकारात्मक सहयोग मिला है। इससे सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता और जलस्तर में सुधार होने की जानकारी सामने आई है। साथ ही, जल संरचनाओं में पानी उपलब्ध रहने से पशुओं के पेयजल की व्यवस्था में भी मदद मिलती है। यह पहल ग्रामीण आजीविका, कृषि और पशुपालन के लिए उपयोगी साबित हो रही है।

जनभागीदारी व प्रशासनिक पहल से मिली सफलता

ग्राम में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से जिला पंचायत कटनी एवं जनपद पंचायत बड़वारा के अधिकारियों के मार्गदर्शन में संगोष्ठी आयोजित कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों की सहभागिता और शासकीय राशि से कार्य को पूर्ण कराने के प्रयासों ने इस पहल को सार्थक बनाया।

ग्राम में हुए सकारात्मक बदलावों को लेकर शासन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन, पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन को एक साथ जोड़ने वाली यह पहल इस बात का उदाहरण है कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन गांवों की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

बड़वारा पुलिस द्वारा चलाया गया सघन जांच अभियान

नशे में वाहन चला रहे थे चालक, पुलिस ने पिकअप एवं ट्रेलर वाहन को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध बड़वारा पुलिस ने कार्रवाई की है। गत दिवस सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शराब पीकर ट्रेलर एवं पिकप चालकों पर ड्रिंक एंड ड्राइव की कार्यवाही कर पिकअप एवं ट्रेलर जब्त किये गये। सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस सख्त, ब्रीथ एनालाइजर जांच में शराब सेवन की पुष्टि चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कटनी रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत बड़वारा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शराब के नशे में ट्रेलर एवं पिकअप चलाते हुए एक चालकों को पकड़ा । पुलिस ने ट्रैलर एवं पिकअप जब्त कर चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर को चेकिंग के दौरान पिकप क्रमांक MP 35 ZD 8050 एवं ट्रेलर क्रमांक MP 65 ZB 6635 को पुलिस टीम ने रोककर चालकों की जांच की । ब्रीथ एनालाइजर मशीन से जांच करने पर चालकों द्वारा शराब का सेवन किए जाने की पुष्टि हुई। ट्रेलर चालक की पहचान विनोद विश्वकर्मा पिता होरी लाल विश्वकर्मा 47 साल निवासी बिजुरी जिला अनूपपुर एवं पिकअप चालक की पहचान अरविंद सिंह पिता खिलावन सिंह उम्र 20 साल निवासी ग्राम कड़ना जिला पन्ना के रूप में हुई। नशे में वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई की जाकर दोनों वाहन जब्त कर थाना परिसर में खड़े कराए गए । चालकों के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए प्रकरण निराकरण के लिए इस्तगासा न्यायालय में पेश किए गए। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, उप निरीक्षक विष्णुशंकर जायसवाल, सउनि रघुवीर सिंह प्रधान आरक्षक पवनराज, प्रधान आरक्षक अरुण तिवारी, आरक्षक गौरीशंकर राजपूत, आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

व्रती महिलाओं ने पूजा अर्चन कर किया रामायण पाठ



कार्तिक महीने की शुरुआत मंगलवार से हो गई । 24 नवंबर तक पूरे माह धर्म की बयार चलेगी । इस दौरान विशेष तिथियों पर मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे ।स्लीमनाबाद स्थित रसिक बिहारी जू मंदिर मे कार्तिक मास के आगाज में कार्तिक व्रत धारी महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर रामचरित मानस पाठ का गायन किया गया ।भगवान बांके बिहारी की आरती कर सुख समृद्धि की कामना की गई ।सिंहवाहिनी महिला मंडल की सदस्यों ने बताया कि पूरे कार्तिक मास मंडल की सभी महिलाएं प्रात काल स्नान कर पूजा अर्चना कर कार्तिक व्रत धारण करेंगी ।महिला मंडल प्रमुख मनोरमा त्रिपाठी ने बताया कि कार्तिक मास में प्रतिदिन सुबह स्नान करने के साथ कोमल तुलसीदलों से भगवान विष्णु या दामोदर कृष्ण की पूजाकरके दीप प्रज्ज्वलित किये जायेंगे ।माह भर दीपदान होगा पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि कार्तिक मास में दीपदान से पाप नष्ट हो जाते है ।दीपदान से वैभव व लक्ष्मी प्राप्ति होती है ।कार्तिक महीने मे पांच दिन के दीपोत्सव की शुरुआत 7 नवंबर को धनतेरस व रूप चतुरदशी के साथ होगी । 8 नवंबर को दीपावली का त्योहार मनाया जाएगा । 9 नवंबर को अमावस्या रहेगी । इस बार अन्नकूट 10 नवंबर और इसके अगले दिन 11 नवंबर को भाईदूज मनाई जाएगी । 17 नवंबर को गोपाष्टमी, 18 नवंबर को अक्षय नवमी और 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा यानि देव दिवाली के साथ महीने का समापन होगा ।

सांदीपनि विद्यालय रीठी के पुराने भवन में संचालित होगी रीठी महाविद्यालय की कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय रीठी की कक्षाओं के संचालन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सांदीपनि विद्यालय रीठी के पुराने भवन का प्रथम तल आगामी आदेश तक शासकीय महाविद्यालय रीठी को सौंपा गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने इस संबंध में निर्धारित शर्तों के अधीन भवन उपलब्ध कराने का आदेश जारी किया है।

शासकीय महाविद्यालय रीठी के प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के संचालन के लिए सांदीपनि विद्यालय के पुराने भवन को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। इस पर कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान तथा महाविद्यालय के प्राचार्य ने भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बनी सहमति के आधार पर भवन का प्रथम तल महाविद्यालय की कक्षाओं के संचालन के लिए उपलब्ध कराने निर्णय लिया गया।

निर्धारित शर्तों के अनुसार भवन की साफ-सफाई और रखरखाव की जिम्मेदारी शासकीय महाविद्यालय रीठी की होगी। बिजली एवं पानी के बिलों का भुगतान भी महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा किया जाएगा। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के आवागमन के लिए भवन के पीछे स्थित रास्ते का उपयोग किया जाएगा। सांदीपनि विद्यालय परिसर में महाविद्यालय के विद्यार्थियों का प्रवेश रोकने के लिए महाविद्यालय प्रबंधन को बैरिकेडिंग करानी होगी।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि भवन के कक्षों में उपलब्ध फर्नीचर का उपयोग महाविद्यालय द्वारा किया जा सकेगा। फर्नीचर, उपकरणों अथवा अन्य सामग्री के क्षतिग्रस्त होने पर उनकी मरम्मत कराने की जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रबंधन की होगी। संबंधित एजेंसी पीआईयू द्वारा भवन का जीर्णोद्धार कराए जाने की स्थिति में महाविद्यालय को भवन सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य को उपलब्ध कराना होगा। इन शर्तों के साथ सांदीपनि विद्यालय रीठी के पुराने भवन का प्रथम तल शासकीय महाविद्यालय रीठी को आगामी आदेश तक सौंपा गया है, जिससे महाविद्यालय की कक्षाओं का संचालन किया जा सकेगा।

करवा चौथ को लेकर बाजार में खरीदी करने रही चहल पहल

रोहिणी नक्षत्र सहित चार शुभ योगो मे मनेगा करवा चौथ, सुहागिनें रखेंगी व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए साल में एक बार विशेष व्रत रखती हैं। जिसे करवा चौथ के नाम से जाना जाता है। करवा चौथ कार्तिक मास की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस बार करवा चौथ का का व्रत 29 अक्टूबर गुरुवार को है। इस व्रत में महिलाएं निर्जला व्रत रखतीं हैं। करवा चौथ के दिन विवाहित महिलाएं पति की लंबी आयु की कामना के लिए निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव, पार्वती और कार्तिकेय की पूजा करतीं हैं। यह व्रत सूर्योदय से पहले आरंभ किया जाता है और सूर्यास्त के बाद चांद निकलने तक रखा जाता है।

करवा चौथ के दिन चन्द्रमा का दीदार करने ओर पति का चेहरा देखने के बाद व्रती महिलाएं व्रत खोलेंगी। करवा चौथ को लेकर सजा बाजार-अब की बार विशेष संयोग में करवा चौथ का व्रत मनाया जाएगा ।व्रत को लेकर स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय मैं बाजार सज गया है। बुधवार को बाजार मे खरीददारी करने चहल-पहल दिखी। करवा चौथ व्रत मैं आवश्यक सामग्री की बात करे तो बाजार मे थाली सहित पूजा का पूरा सेट 700 से 1000 रुपये में उपलब्ध है। अलग-अलग सामग्री की बात करे तो सामान्य करवा 50 रुपये जबकि डेकोरेटेड करवा तीन कीमत 100, 150 व 200 रुपये मैं है।इसी प्रकार सामान्य चलनी 30 रुपये मैं मिल रही है। दूसरी सामग्री भी इसी तरह विभिन्न कीमत पर व्रती महिलाओं की पसंद के अनुरूप उपलब्ध है।करवाचौथ के लिए फैंसी चूडियां व साड़ी खरीदने भी दुकानों मैं भीड़ दिखी। पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि करवा चौथ व्रत इस बार खास रहने वाला है। करवा चौथ पर इस बार रोहिणी नक्षत्र, परिघ योग, बुधादित्य योग और लक्ष्मीनारायण योग का विशेष संयोग बन रहा है।

न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला-कटनी (म.प्र.)
क्रमांक/11877/प्रवा. वि.अधि. / 2026
कटनी, दिनांक 21/10/2026
प्रारूप (ख)
सूचना का प्रारूप
। नियम 6 (1) देखिये।

चूंकि विवाह के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदक सचिन चौधरी पिता श्री प्रमोद चौधरी निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड तहसील व जिला कटनी म.प्र. पिन कोड़ 483501 एवं आवेदिका भावना यादव पिता श्री किशनलाल यादव निवासी 657, छोटी खिरहनी पंड़ित दीनदयाल, उपाध्याय वार्ड, तहसील मुडवारा जिला कटनी म.प्र. पिन कोड़ 483501 द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने बाबत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं विवाह पंजीयन शुल्क 50/- रू चालान क्रमांक 051/9999999/ 0070 /10/26/ 015507 दिनांक 13/10/2026 द्वारा मध्यप्रदेश हिन्दु विवाह रजिस्ट्रीकरण नियम 1984 के नियम 4 उपनियम (1) के अधीन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है, जिसकी पेशी दिनांक 18/11/2026 को नियत की गई है।

उक्त आवेदन हिन्दु विवाह अधिनियम, 1955 (1955 का सं. 25) की धारा 8 के अधीन बनाये रखे गये हिन्दु विवाह रजिस्टर में प्रविष्टि किया जाना है, यदि इस विवाह के संबध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ एतराज / दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक से 30 दिवस के भीतर अथवा पेशी दिनांक 18/11/2026 को पूर्वाह्न तक स्वयं या अपने अभिभाषक / प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/10/2026 को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर
अपर कलेक्टर एवं रजिस्ट्रार
हिन्दु विवाह जिला कटनी

1 नवंबर को नगर निगम ऑडिटोरियम में होगा मुख्य समारोह

मप्र स्थापना दिवस पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं, विजेता होंगे पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर को शाम 4 बजे बस स्टैंड स्थित नगर निगम ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ स्वच्छता, सजावट और रंगोली प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा जिले के कृषि उत्पादों और कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने समारोह के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी तथा संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम कटनी श्री जितेंद्र पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी

समारोह में मंच सज्जा, बैठक व्यवस्था, ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, स्वल्पाहार और पार्किंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी नगर निगम कटनी को सौंपी गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन एवं रिहर्सल के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती ज्योति सिंह को नोडल अधिकारी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की श्रीमती वनश्री कुर्वेती को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। कार्यक्रम के संचालन एवं उद्घोषणा का दायित्व डाइट कटनी के राजेन्द्र आसाटी और उनके सहयोगी दल को सौंपा गया है।

समारोह में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, उद्योगपतियों, व्यवसायियों, समाजसेवियों, धर्मगुरुओं, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाएगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, मीसाबंदियों, शहीद सैनिकों के परिजनों और उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले स्वसहायता समूहों एवं स्टार्टअप के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

ऐतिहासिक स्थलों पर चलेगा स्वच्छता अभियान

स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय भवनों में साफ-सफाई और रात्रिकालीन रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, सजावट और रंगोली से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के ऐतिहासिक स्मारकों, महापुरुषों की प्रतिमाओं और उनके परिसरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को जिले के कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाने तथा कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य

कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 1 नवंबर को शाम 4 बजे नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य समारोह में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ शासकीय कार्यालयों में साफ-सफाई और रोशनी की व्यवस्था करने को कहा गया है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए कार्यक्रमों का सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिले में शांति, कानून व्यवस्था और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर निगम की टीम ने वसूल किया 11100 रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने और स्वच्छता नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार शाम को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध जुर्माना लगाया गया।

विभिन्न क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के दौरान कुल 11 हजार 100 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया, जिसमें गंदगी फैलाने पर 10 हजार 400 रुपये तथा सार्वजनिक स्थलों पर पालतू मवेशियों द्वारा गंदगी फैलाने पर संबंधित पशु मालिकों पर 700 रुपये की कार्रवाई की गई।

स्वास्थ्य अधिकारी निशांत कनोजिया ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रवार की गई कार्रवाई के अंतर्गत क्षेत्र क्रमांक 01 में 1हजार रुपये, क्षेत्र क्रमांक 02 में 1 हजार 600 रुपये, क्षेत्र क्रमांक 03 में 800 रुपये, क्षेत्र क्रमांक 04 में 600 रुपये, क्षेत्र क्रमांक 06 में 1 हजार 200 रुपये, क्षेत्र क्रमांक 07 में 3 हजार 700 रुपये तथा क्षेत्र क्रमांक 08 में गंदगी फैलाने पर 1 हजार 500 रुपये एवं पशु मालिकों पर 700 रुपये का जुर्माना वसूला किया गया।

निगम प्रशासन का उद्देश्य केवल जुर्माना लगाना नहीं, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता विकसित करना है। सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने, गंदगी फैलाने से नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

खबर संक्षेप

नगर पालिका अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

छतरपुर। नगर पालिका में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का मामला एक बार फिर गरमा गया है। पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र साहू ने नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। सुरेंद्र साहू का आरोप है कि आगामी मेले को लेकर नगर पालिका प्रशासन द्वारा दुकानों के नाम पर जमकर अवैध वसूली की जा रही है, जबकि व्यवस्थाओं के नाम पर शून्य काम हुआ है। सुरेंद्र साहू ने बताया कि मेले के आयोजन को लेकर नगर पालिका की ओर से न तो कोई आधिकारिक बैठक बुलाई गई और न ही कोई रूपरेखा तैयार की गई है। इतना ही नहीं, जनप्रतिनिधि होने के बावजूद पार्षदों को मेले से जुड़ी किसी भी प्रक्रिया या जानकारी से पूरी तरह वंचित रखा गया है। उन्होंने मेला प्रभारी सब इंजीनियर गोकुल प्रजापति पर दुकानदारों से अवैध वसूली करने के भी आरोप लगाए हैं। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि इस बार मेले में अत्यधिक छोटी और संकरी गलियां बनाई गई हैं, जिससे किसी भी वक्त बड़ा हादसा होने का डर बना हुआ है। यदि मेले में कोई दुर्घटना या आगजनी जैसी स्थिति बनती है, तो संकरे रास्तों के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर नहीं पहुंच सकेगी।आरोप लगाने के दौरान सुरेंद्र साहू के साथ पार्षद दीपेंद्र असाटी, पार्षद प्रतिनिधि अजय कबीर तथा कालीचरण सेन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

जन सुरक्षा–युवा सृजन संवाद : एसपी और एएसपी ने पीजी कॉलेज में युवाओं को किया संबोधित

विद्यार्थियों को साइबर अपराध और महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह





विद्यार्थियों में सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से जिला पुलिस बल दमोह एवं उच्च शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल पर 28 अक्टूबर 2026 को ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में 'जन सुरक्षा–युवा सृजन संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया ने विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, नशे के दुष्प्रभावों और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

युवाओं की समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने 'युवा सृजन' का अर्थ समझाते हुए कहा कि युवा समाज की सकारात्मक ऊर्जा और परिवर्तन के वाहक हैं। युवाओं को अपनी रचनात्मक क्षमता का उपयोग सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने, कानून का सम्मान करने और सुरक्षित एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में करना चाहिए। उन्होंने वर्तमान में सामने आ रहे साइबर अपराधों, उनसे बचाव के उपायों और अपराधों पर अंकुश लगाने में पुलिस के सहयोग की आवश्यकता बताई। साथ ही विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

साइबर ठगी होने पर 1930 पर करें शिकायत

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया ने साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों और उनमें पुलिस द्वारा की जाने वाली वैधानिक कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। साथ ही राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से भी शिकायत की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि की जानकारी पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया।

महिला सुरक्षा और कानूनी अधिकारों की जानकारी

महिला थाना प्रभारी फेमिदा खान ने छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों, कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा और छेड़छाड़ जैसे विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने आपातकालीन सहायता के लिए 112, महिला हेल्पलाइन 1090 और महिला सहायता हेल्पलाइन 181 के बारे में बताते हुए कहा कि किसी भी परेशानी या अपराध की स्थिति में छात्राएं बिना संकोच सहायता लें। यातायात नियमों के पालन पर जोर यातायात प्रभारी निरीक्षक दलबीर सिंह मार्को ने विद्यार्थियों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने नशे की स्थिति में वाहन नहीं चलाने, तेज गति से वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी। साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता, उसे बनवाने की प्रक्रिया तथा निर्धारित आयु पूरी होने पर वैध लाइसेंस के साथ ही वाहन चलाने की जानकारी दी।

ऑनलाइन सुरक्षा के बताए उपाय

साइबर शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक सौरभ टण्डन ने साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग और वित्तीय अपराधों के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करने तथा सोशल मीडिया अकाउंट की सुरक्षा के लिए मजबूत पासवर्ड और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करने की सलाह दी।

महाविद्यालय के प्राध्यापक भी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आलोक जैन, हिंदी प्रोफेसर नाजनीन बेगम, महाविद्यालय प्रभारी प्रोफेसर डॉ. के.एस. बामनिया, प्रोफेसर मंगल सिंह, जितेंद्र चौधरी तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. कीर्तिकाम दुबे, डॉ. इंदिरा जैन, डॉ. एन.आर. सुमन और डॉ. जी.पी. अहिरवार उपस्थित रहे। इसके अलावा लैब टेक्नीशियन धर्मेन्द्र राय सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

हटा क्षेत्र में किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को खाद, बिजली कटौती, अतिवृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे सहित विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए राय चौराहे पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ के नेतृत्व में हटा एसडीओपी केपी सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस ने गांव - गांव में कथित रूप से बिक रही अवैध शराब का मुद्दा उठाते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए। ज्ञापन में मांग की गई कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध कराया जाए। अतिवृष्टि से खराब हुई फसलों का सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए तथा सिंचाई के लिए 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए। कांग्रेस का आरोप है कि रबी की बोवनी के महत्वपूर्ण समय में किसानों को खाद की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं शासन द्वारा 10 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा किए जाने के बावजूद किसानों को महज दो से तीन घंटे ही बिजली मिल रही है। इससे सिंचाई और बोवनी प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में अतिवृष्टि से सोयाबीन सहित अन्य फसलों को हुए नुकसान का मुद्दा उठाते हुए प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ 50 हजार रुपये मुआवजा देने। फसल बीमा की राशि उपलब्ध कराने और किसानों का कर्ज माफ करने की मांग की गई। इसके अलावा हटा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने दमोह - सिमरिया मार्ग के निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा जमीन संबंधी मामलों में उचित जांच कराने की मांग भी शामिल है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानक पटेल ने गांव-गांव में कथित तौर पर बिक रही अवैध शराब का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में अवैध शराब का कारोबार चल रहा है और इसे राजनीतिक लोगों का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने इस मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए। इस पर हटा एसडीओपी केपी सिंह ने कांग्रेस नेताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे अवैध शराब की बिक्री वाले स्थानों की जानकारी दें। पुलिस उन स्थानों पर कार्यवाही करेगी। ज्ञापन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल संगठन मंत्री प्रदीप पटेल बसंत कुशवाहा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हटा योगेश गोलू सराफ, महेंद्र प्रताप चौधरी, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रदीप खटीक, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोनू पटेरया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक वर्धन हजारी, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक, सुनील राय, रामनाथ राय, मंजूलता श्रीवास्तव, मथुरा प्रसाद पटेरया, बृजेश गुप्ता, सुनील बजाज, राजाराम साहू, हाकम सिंह, जानकी अहिरवार, विनोद वर्मन, राजेश यादव, विवेक जैन, राजकुमार राही, लल्लू पटेल, मनीष कुसमया, सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

धूमधाम से मनाई महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती

हटा। क्षत्रिय स्वर्णकार समाज हटा द्वारा समाज के आराध्य एवं पितृ पुरुष महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक आयोजन के साथ प्रतिभाओं को सम्मानित करने, वरिष्ठजनों का अभिनंदन करने तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह में नगर से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। शोभा यात्रा रतन बजरिया से प्रारंभ होकर बालाजी मंदिर होते हुए कोर्परेटिव बैंक चौराहा राम मंदिर मार्ग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां शोभा यात्रा में नगर के स्वजातीय बंधुओ सहित महिलाएं पुरूष युवक युवतियों एवं बच्चे शोभायात्रा में शामिल हुए। समापन के अवसर पर मंचीय कार्यक्रम में समाज के बुर्जगो का पुष्पमाला पहनाकर शाल



श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। डीजे ढोल नगाड़ों की धुन पर युवतियों ने किया गरबा नृत्य-

शोभायात्रा में समाज के युवा वर्ग की बालिकाएं युवतियां सिर पर पगड़ी बांधकर ड्रेस कोड में एक साथ शोभा यात्रा में गरबा करती हुई चल रही थी। जिस मार्ग से शोभायात्रा निकाली गई उन मार्गो पर जगह-जगह शोभा यात्रा का पुष्पबर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं स्वर्णकार समाज नगर अध्यक्ष रवि सोनी द्वारा बताया गया कि समाज के अराध्य देव का विधि विधान से पूजन अर्चन कर नगर में शोभायात्रा निकाली गई जहां मंचीय कार्यक्रम के समापन उपरांत भूतेश्वर मंदिर के समीप हजारी बार्ड में स्वजातीय जनों की भोजन व्यवस्था कराई गई। इस मौके पर कन्हैयालाल सराफ शंभुदयाल सोनी कामता सोनी प्रकाश सोनी मुन्ना सोनी बढी सोनी विजय सोनी रामकृपाल सोनी कोमल सोनी गोपाल सराफ दुर्गाचरण सराफ अरविन्द सराफ नीलेश सराफ रजनीश सोनी राकेश सोनी कुक्कु सोनी नितिन मनीष राजू सोनी अखलेश कृष्णकांत सुशील सोनी सहित समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

हटा में कलचुरी महासभा की बैठक आयोजित



हटा।श्री श्री 1008 भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती जिला स्तरीय समारोह का आयोजन इस वर्ष 16 नवंबर को हटा में जिला कलचुरी महासभा के तत्वावधान में आयोजित की जावेगी इसी संबंध में हटा ब्लॉक के सभी स्वजातीय बन्धुओं की बैठक का आयोजन राय चौराहा सिटी सेंटर लॉज में किया गया। बैठक की अध्यक्षता रिटायर शिक्षक मोती लाल राय द्वारा की गई। सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रबाहु भगवान की पूजन सभी उपस्थित स्वजातीय लोगों ने की तत्पश्चात बैठक में जयंती को भव्य एवं दिव्य बनाने अपने अपने विचार रखे तथा जयंती की रूप रेखा तैयार की गई। आयोजन समिति बनाई गई जिसमें आमंत्रण, शोभा यात्रा, भोजन व्यवस्था , स्वागत समिति, वाहन पार्किंग आदि समितियों का गठन किया गया साथ- साथ ब्लॉक कार्यकारिणी एवं युवा कार्यकारणी गठित की गई। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष जवाहर राय नन्नू राय रनेह हरि प्रसाद राय गोरेलाल राय गोविंद राय माधव राय राजू मुकेश राय दीपचंद्र राय पाजी बिलॉक अध्यक्ष सुनील राय बबलू राय हीरा राय पटेरा राजू राय बमनपुरा लक्ष्मी राय बिलाई रामकुमार राय नगर अध्यक्ष अरविंद राय जितेंद्र राय जयकांत राय रोहित राय गोलू राय युवा अध्यक्ष शिंकी राय शैलू राय सहित रनेह, पांजी, पटेरा, बमनपुरा, बधा , बिलाई, आदि के स्वजातीय बधुओं की उपस्थिति रही। बैठक का संचालन संदीप राय ने किया एवं रामकुमार राय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

कर्मयोगी पोर्टल का प्रशिक्षण आज

दमोह। शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यक्षमता, दक्षता और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से iGOT कर्मयोगी पोर्टल के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दमोह द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार, मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण क्षमता विकास, भूमिका आधारित शिक्षण तथा निरंतर कौशल उन्नयन का महत्वपूर्ण माध्यम है। निर्देश में बताया गया है कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण पूर्ण करना आवश्यक है। प्रशिक्षण की प्रगति को गति देने तथा जिले की स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 29 अक्टूबर 2026 को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय दमोह के कक्ष क्रमांक-11 में आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों (मास्टर ट्रेनर) को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

कोटवारों का उग्र प्रदर्शनः शासकीय कर्मचारी घोषित करने की मांग, मांगें पूरी न होने पर भोपाल में आंदोलन की चेतावनी

छतरपुर। मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के बैनर तले छतरपुर में कोटवारों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जमकर हुंकार भरी है। भारतीय मजदूर संघ के समर्थन के बाद शहर के अटल सभागार से एक विशाल रैली निकाली गई, जो कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँची। यहाँ मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कोटवारों ने खुद को शासकीय कर्मचारी घोषित करने और सेवा भूमि का अधिकार दिए जाने समेत कई प्रमुख मांगें उठाई हैं।

कोटवारों की मुख्य मांगें और समस्याएं

प्रदर्शन के दौरान संघ के जिलाध्यक्ष बाबूलाल राही और अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि राज्यभर के करीब 38 हजार कोटवार लंबे समय से प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हैं। उनकी प्रमुख मांगों में शामिल हैं। कोटवारों को चतुर्थ श्रेणी का शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए। पीढ़ियों से चली आ रही सेवा भूमि को कोटवारों के नाम पर निजी स्वामित्व में दर्ज किया जाए। मानदेय में बढ़ोतरी की जाए और जिन कोटवारों के पास भूमि नहीं है, उन्हें समान वेतन के आधार पर वित्तीय लाभ मिले। सेवानिवृत्ति पर मिलने वाली एक लाख रुपये की राशि का भुगतान समय पर हो। वर्दी के लिए मिलने वाली राशि ठेकेदारों द्वारा खाए जाने के बजाय सीधे कर्मचारियों के बैंक खातों में भेजी जाए, ताकि वे अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार पैंट-शर्ट सिलवा सकें।

बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन कल

दमोह। शासकीय सांदीपनि विद्यालय किल्लाई नाका दमोह में बाल विज्ञान कांग्रेस के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जिसमें 10 वर्ष से 17 वर्ष की आयु तक के बाल वैज्ञानिक अपने शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण राज्य स्तर से प्रशिक्षित निर्णायकों के मध्य करेंगे। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के अंतर्गत विद्यार्थी समाज की किसी समस्या अथवा नवाचार को लेकर शोध पत्र तैयार करते हैं तथा विद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपने शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण करके समस्या के समाधान तक पहुंचाते हैं जिसे बाद में समाज अथवा सरकार के किसी निकाय/संगठन के माध्यम से समस्या का निराकरण संभव किया जाता है। इस वर्ष जिले के 109 विद्यार्थियों ने अपने मार्गदर्शी शिक्षकों के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कराया है जो शासकीय सांदीपनि विद्यालय दमोह में अपना प्रस्तुतीकरण करेंगे। श्रेष्ठ परियोजनाओं का चयन कर अगले चरण हेतु राज्य स्तर के लिए भेजा जाएगा जहां से चयनित परियोजनाओं को भारत देश के केंद्र बिंदु करौंदी ग्राम जिला कटनी के महर्षि वैदिक विश्वविद्यालय में दिसंबर 2026 में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय आयोजन में प्रस्तुतीकरण का अवसर मिलेगा। बाल विज्ञान कांग्रेस के जिला समन्वयक मोहन राय ने बताया कि बाल वैज्ञानिकों के लिए यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां पर वह अपने विचारों को राष्ट्रीय स्तर तक ले जा सकते हैं तथा अपनी वैज्ञानिक सोच तथा दृष्टिकोण से समाज की किसी बड़ी समस्या का निराकरण संभव करा सकते हैं, तथा भावी वैज्ञानिक के रूप में अपना करियर चुन सकते हैं।

प्रोग्रेसिव्ह पेंशनर्स एसोसिएशन में पेंशनर्स की समस्याओं और आगामी आंदोलन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

प्रोग्रेसिव्ह पेंशनर्स एसोसिएशन तेंदूखेड़ा की बैठक विगत दिवस एसोसिएशन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे। इस दौरान पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं, लंबित मांगों तथा आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एसोसिएशन के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष जगदीश चौबे ने उपस्थित पेंशनर्स को संबोधित करते हुए 2 प्रतिशत महंगाई भत्ते की मांग एवं आगामी आंदोलन की रूपरेखा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स की लंबित मांगों के निराकरण के लिए संगठन स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही आगामी पेंशनर्स दिवस के आयोजन को लेकर भी आवश्यक जानकारी एवं तैयारियों पर चर्चा की गई बैठक के दौरान एसोसिएशन के सदस्य एवं पूर्व वनक्षेत्रपाल फूलसिंह राय के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सदस्यों ने उनके सेवाकाल एवं एसोसिएशन से जुड़े योगदान को याद करते हुए परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. ओ.पी. अवधिया सहित अन्य पेंशनर्स उपस्थित रहे। अंत में संगठन की एकजुटता बनाए रखने तथा पेंशनर्स के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का संकल्प लिया गया।

लंबित किस्तों के भुगतान के लिए सूची तैयार करने के निर्देश

स्वामित्व योजना कार्य में लाएं तेजी, आधार संबंधी समस्याओं का मौके पर होगा निराकरण - कलेक्टर

दमोह। स्वामित्व योजना के अंतर्गत पंजीयन कार्य में तेजी लाने, आधार संबंधी समस्याओं का मौके पर निराकरण करने तथा विभिन्न विभागों की भूमि से संबंधित समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने समय-सीमा बैठक में अहम दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने कहा बैठक में तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को भी बुलाया गया था, ताकि भूमि संबंधी मामलों का निराकरण कर स्वामित्व योजना के कार्यों को गति दी जा सके। साथ ही जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों की लंबित ई-केवाईसी पूर्ण कराने की कार्रवाई के संबंध में अहम दिशा-निर्देश दिए गये।

इस आयोजित बैठक में पोस्ट पेमेंट बैंक सहित संबंधित डाक विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया गया था। जिले में 100 से अधिक आधार केंद्रों के संचालन से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि स्वामित्व योजना के पंजीयन के लिए गांवों में आयोजित शिविरों के दौरान आधार कार्ड में संशोधन या अपडेट से संबंधित समस्याओं का निराकरण भी मौके पर किया जाए। इससे ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानी नहीं होगी और पंजीयन प्रक्रिया में तेजी आएगी। कलेक्टर श्री यादव ने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिन हितग्राहियों की 1.0 की दूसरी एवं तीसरी किस्त लंबे समय से लंबित थी, उनके भुगतान के लिए शासन से अनुरोध किया गया था। इसके परिणामस्वरूप नगरपालिका दमोह को लगभग □3 करोड़ की राशि प्राप्त हो चुकी है और संबंधित हितग्राहियों की सूची तैयार की जा रही है। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया है कि लंबित किस्तों के भुगतान के लिए पारदर्शी तरीके से सूची तैयार की जाए तथा पात्र हितग्राहियों के खातों में राशि अंतरित करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी हितग्राही को असुविधा न हो।

सर्वर का कम लोड होने पर पंजीयन में आएगी तेजी

श्री यादव ने कहा कि सर्वर पर अधिक लोड होने के कारण पंजीयन कार्य की गति प्रभावित होती है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वामित्व योजना के अंतर्गत सुबह और शाम के समय विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि सर्वर पर लोड कम होने का लाभ लेकर पंजीयन कार्य तेजी से पूरा किया जा सके। प्रशासन का प्रयास है कि सभी पात्र हितग्राहियों के कार्य समय पर पूरे हों और उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों से कहा यह सुनिश्चित करे कोई भी सीएम हेल्पलाईन प्रकरण नॉन अटेण्ड न रहे। उन्होने कहा ऐसे अधिकारियो के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायें। कलेक्टर ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों से ऐसे संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई करे। इस दौरान आरसीएमएस पोर्टल पर लंबित प्रकरणो की समीक्षा कर तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए गये।

खदान की अनुमति आवश्यक रूप से ली जायें

कलेक्टर श्री यादव नें निर्माण विभागो कें अधिकारियों से कहा खदान की अनुमति के उपरांत ही खनन की कार्यवाही हो सुनिश्चित किया जायें। उन्होने सभी संबंधति विभागो से यह कार्य प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए। पटाखा लाइसेंस के संबंध में कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम और नगरपालिका अधिकारियों से अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए कहा निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चति की जायें। कलेक्टर श्री यादव ने कहा मुख्यमंत्री जन-विश्वास कार्यक्रम में लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले जन-विश्वास कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित

लिखित आश्वासन के बाद भी नहीं हुआ सुधार

विश्वविद्यालय में भारतीय विद्यार्थी सेना का हल्लाबोल

छतरपुर

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं और पूर्व में दिए गए आश्वासन पर कार्रवाई न होने से नाराज भारतीय विद्यार्थी सेना ने बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में उग्र प्रदर्शन किया। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विश्वविद्यालय के गेट पर ताला जड़ दिया। लगभग एक घंटे तक चले इस विरोध-प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा।

भारतीय विद्यार्थी सेना के नीतेश तिवारी ने बताया कि ने पूर्व में कुलपति को ज्ञापन सौंपकर परिसर में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा, पेयजल, बिजली और पठन-पाठन की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की थी। उस समय विश्वविद्यालय प्रबंधन ने लिखित में आश्वासन देकर मांगों को जल्द पूरा करने का वादा किया था। हालांकि, समय बीत जाने के बाद भी स्थिति में कोई बदलाव न होने पर संगठन को पुनः आंदोलन की राह पकडऩी पड़ी। छात्रों ने मुख्य गेट पर सुरक्षा गार्ड की तैनाती, पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने, हर कक्षा में पीने के साफ पानी का प्रबंध करने, गर्मी के मौसम को देखते हुए पंखे व लाइट चालू कराने तथा छात्राओं के लिए अलग से तीन नए शौचालयों के निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई। इसके अलावा विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी दूर कर नियमित कक्षाएं संचालित करने पर जोर दिया गया।प्रदर्शन के दौरान लंबे समय तक चली नारेबाजी के बाद कुलसचिव अपने चेंबर से बाहर आए। उन्होंने प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों से बातचीत की और समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने का पुनः आश्वासन दिया। अब देखना यह होगा कि इस बार प्रबंधन अपने वादे पर कब तक अमल करता है। नीतेश तिवारी ने कहा कि अगर जल्द ही हमारी मांगे पूरी नहीं होती हैं तो विश्वविद्यालय में ताला लगाने के बाद कुलसचिव और कुलपति को सांकेतिक रूप से उनके चेम्बर से बाहर कर दिया जाएगा।

खबर संक्षेप

मछली खरीदने के लेनदेन पर उपजा विवाद-दुकानदार नें बका से किया हमला

हटा। नगर थाना क्षेत्र में नगर पालिका के पीछे बूढ़ा हटा मार्ग पर संचालित मछली मार्केट में मछली खरीदने गए युवक का लेनदेन पर विवाद हो गया जहां मछली विक्रेता द्वारा युवक पर बका से हमला कर दिया जिसका वचाव करते समय युवक की उंगलिया कटने से घायल हो गया। जहां पीड़ित घायल पुलिस थाना पंहुचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई गई जहां पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। जानकारी के अनुसार गजेन्द्र लोधी पिता राजेश लोधी 22 बर्ष निवासी कुआखेड़ा बाजी मछली खरीदने गया जहां उसका विवाद दुकानदार टीकाराम पिता रेवाराम रैकवार से हो गया जहां टीकाराम द्वारा मछली काटने वाले बका से युवक पर हमला कर दिया जिससे उसके हाथ की उंगलिया अपना बचाव करते समय कट गई। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर धारा बीएनएस की धारा 296 (व्ही) 115 (2) 118.3 (5) के तहत कार्रवाही कर आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

सिहोरा के पास अनियंत्रित हुई बस, आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल

दमोह-सागर रोड पर हादसा: डीपी से टकराकर पलटी स्लीपर बस





हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

दमोह-सागर रोड पर मंगलवार रात यात्रियों से भरी कटनी-इंदौर स्लीपर कोच बस अनियंत्रित होकर विद्युत डीपी से टकराने के बाद पलट गई। हादसा देहात थाना क्षेत्र के सिहोरा के पास हुआ। दुर्घटना में आधा दर्जन से अधिक यात्रियों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। घायलों को समय रहते जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन्हें उपचार मिला।

जानकारी के अनुसार, बस स्टैंड दमोह से सागर की ओर रवाना हुई ओम साईं राम बस क्रमांक एमपी 15 पीए 5577 मंगलवार रात सिहोरा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस अनियंत्रित होकर विद्युत डीपी से टकराई और पलट गई। सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाने में मदद की। विद्युत डीपी से टकराने के बावजूद कोई बड़ा विद्युत हादसा नहीं हुआ।

घायलों का हाल जानने पहुंचे अधिकारी

हादसे की सूचना मिलते ही सीएसपी एचआर पांडे, देहात थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय और सागर नाका चौकी की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। बाद में अधिकारियों ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों के संबंध में जानकारी ली। सूचना मिलने पर तहसीलदार और रघुनंदन चतुर्वेदी भी अस्पताल पहुंचे। घायलों को गंभीर चोटें नहीं आने और समय पर उपचार मिलने से राहत रही।

जर्जर सड़क पर उठे सवाल

कटनी-दमोह-सागर मार्ग को फोरलेन में बदलने की योजना स्वीकृत होने के बाद सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री से मिलकर आभार जता चुके हैं। हालांकि, वर्तमान में टू-लेन सड़क की जर्जर हालत यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। बारिश के बाद सड़क पर जगह-जगह उभरे गड्ढों और खराब हिस्सों के कारण वाहन चालकों को जोखिम उठाना पड़ रहा है। क्षेत्र में सड़क हादसों और वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाओं को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। स्थानीय लोगों और यात्रियों का कहना है कि फोरलेन निर्माण की योजना अपनी जगह है, लेकिन जब तक काम पूरा नहीं होता, तब तक मौजूदा सड़क की तत्काल मरम्मत जरूरी है। उनका मानना है कि समय रहते सड़क सुधारी जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

वन विभाग ने दी एक हजार रुपये की सहायता

खेत में सो रहे किसान पर सियार का हमला, इलाजरत

तेंदूखेड़ा। वन परिक्षेत्र के जरुआ गांव में मंगलवार रात खेत में धान की रखवाली कर रहे किसान पर जंगली सियार ने हमला कर दिया। घायल किसान शंकर सिंह गौड़ (55), पिता साईलाल गौड़ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।किसान के अनुसार, रात करीब 12 बजे वह खेत में सो रहे थे, तभी जंगल की ओर से आए सियार ने उनके हाथ-पैर पर काट लिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के किसान पहुंचे और उन्हें अस्पताल पहुंचाया।बुधवार सुबह डिप्टी रेंजर भगवानदास सेन ने अस्पताल पहुंचकर घायल का हालचाल जाना और एक हजार रुपये की तात्कालिक सहायता राशि दी। साथ ही नियमानुसार आगे की सहायता का आश्वासन दिया।ग्रामीणों के अनुसार, जरुआ, महगवां, सेलवाड़ा और राजा गुबरा सहित आसपास के गांवों में सियार के हमलों की घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। उन्होंने वन विभाग से गश्त बढ़ाने और हमलावर सियारों को पकड़ने की मांग की है।वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रेयांश जैन ने ग्रामीणों से रात में खेतों पर सतर्क रहने, जंगल की ओर अकेले न जाने और गांव के आसपास सियार दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की है।

संवाद योजनांतर्गत नवांकुर संस्थाओं के साथ जिला स्तरीय संवाद बैठक संपन्न

दमोह। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, जिला दमोह द्वारा संवाद योजना के अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय संवाद बैठक का आयोजन जिला शिक्षा केंद्र, सर्व शिक्षा अभियान के सभागार में प्रातः 11 बजे से किया गया। बैठक की अध्यक्षता संभागीय समन्वयक दिनेश उमरिया ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समन्वयक सुशील नामदेव द्वारा संभागीय समन्वयक दिनेश उमरिया जी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करने के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों का परिचय कराया गया तथा बैठक के एजेंडे से अवगत कराया गया। बैठक के दौरान संभागीय समन्वयक दिनेश उमरिया ने सभी नवांकुर संस्था प्रतिनिधियों से वर्षभर में किए गए उत्कृष्ट एवं समाजहितकारी कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संस्थाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की समीक्षा करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर प्रयास करने पर जोर दिया। इसी क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के राज्य कार्यालय, भोपाल से सागर संभाग के प्रभारी सैयद शाकिर अली जाफरी जी वर्चुअल माध्यम से बैठक में जुड़े। उन्होंने नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों से योजना के अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा ग्रामों में सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए जल संचय अभियान एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने का आह्वान किया।

पटेरा कृषि कार्यालय में वितरण के दौरान अव्यवस्था, टोकन के लिए धक्का-मुक्की; पंजीयन फाड़कर फेंकने का आरोप

बीज के लिए किसानों की जद्दोजहद, खिड़कियों पर लटके दिखे किसान





हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेरा

किसानों को समय पर बीज उपलब्ध कराने के दावों के बीच बुधवार को पटेरा के वरिष्ठ कृषि विकासखंड कार्यालय में बीज वितरण के दौरान अव्यवस्था देखने को मिली। बीज लेने के लिए बड़ी संख्या में किसान कार्यालय पहुंचे, लेकिन टोकन वितरण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से उन्हें घंटों परेशान होना पड़ा। हालात ऐसे बने कि टोकन लेने के लिए किसानों के बीच धक्का-मुक्की होने लगी और कई किसान खिड़कियों पर लटकते नजर आए।

पंजीयन फाड़कर फेंकने का आरोप

बीज लेने पहुंचे किसानों ने कृषि विस्तारक अधिकारी पर पंजीयन फाड़कर फेंकने का आरोप लगाया। किसानों का कहना है कि वे दूर-दराज के गांवों से सुबह ही कार्यालय पहुंच गए थे, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी व्यवस्था नहीं सुधरी। आरोप है कि पंजीयन फाड़ दिए जाने से उन्हें बीज प्राप्त करने में परेशानी हुई। किसानों ने कार्यालय परिसर में बैठने और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने की बात भी कही। उनका कहना है कि भीड़ बढ़ने के बावजूद न तो कतार व्यवस्थित की गई और न ही टोकन वितरण के लिए उचित इंतजाम किए गए, जिससे अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

पुलिस पहुंची, फिर भी बनी रही परेशानी

अव्यवस्था की जानकारी मिलने के बाद तहसीलदार प्रभारी से संपर्क किया गया। इसके बाद थाना प्रभारी रचना मिश्रा को स्थिति संभालने के लिए पुलिस व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस बल मौके पर पहुंचा, लेकिन किसानों की अधिक संख्या के कारण भीड़ को नियंत्रित करने में परेशानी हुई। काफी देर तक कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

व्यवस्था पर उठे सवाल

बीज वितरण किसानों से जुड़ी महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने की संभावना के बावजूद टोकन वितरण, कतार, बैठने और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से कृषि विभाग की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। किसानों ने मांग की है कि बीज वितरण की प्रक्रिया व्यवस्थित और पारदर्शी बनाई जाए। साथ ही पंजीयन फाड़कर फेंकने के आरोपों की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों को दोबारा इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

संबंधित अधिकारियों का पक्ष नहीं आया सामने

किसानों द्वारा लगाए गए आरोपों पर संबंधित कृषि विस्तारक अधिकारी और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का पक्ष सामने नहीं आया है। उनका पक्ष मिलने के बाद मामले की स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम की होगी सघन जांच

अनियमितता मिलने पर होगी कार्रवाई

दमोह। जिले में नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम, क्लीनिकों एवं पैथोलॉजी लैब की सघन जांच कराई जाएगी। जांच के दौरान पंजीयन, संचालन की वैधता, चिकित्सकों की योग्यता तथा निर्धारित मानकों के पालन की स्थिति का परीक्षण किया जाएगा। अनियमितताएं मिलने पर संबंधित संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि सभी संबंधित चिकित्सा संस्थानों एवं चिकित्सा व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों को आवश्यक पंजीयन एवं अनुमति सुनिश्चित करना अनिवार्य है। जिन संस्थानों के पास वैध पंजीयन नहीं है, वे अपना संचालन तत्काल बंद करें। बिना वैध पंजीयन अथवा अनुमति के संस्थान संचालित करने तथा बिना मान्य चिकित्सकीय योग्यता के उपचार करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिले के समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम, क्लीनिकों एवं पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। अनियमितताएं पाए जाने पर नोटिस जारी करने, संचालन बंद कराने, सीलिंग तथा आवश्यकतानुसार पुलिस कार्रवाई के लिए सक्षम अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कार्रवाई के दौरान उपलब्ध तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आमजन के स्वास्थ्य एवं उपचार की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी संबंधित संस्थानों से निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की है।

कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, छह हजार रुपये के पटाखे बरामद

चरयाई बाजार में दो बोरी अवैध सुतली बम जब्त, एक गिरफ्तार

दमोह। अवैध विस्फोटक सामग्री के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने चरयाई बाजार में एक दुकान के सामने से दो बोरी अवैध सुतली बम जब्त किए हैं। जब्त पटाखों की कीमत करीब छह हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देश पर जिले में अवैध विस्फोटक सामग्री के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 27 अक्टूबर 2026 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चरयाई बाजार में उत्तमचंद रेवाचंद की दुकान के सामने कार्रवाई की।इस दौरान विवेक डोडवानी (37), पिता उत्तमचंद डोडवानी, निवासी सिविल वार्ड क्रमांक 10, सिंधी कैंप, दमोह के कब्जे से दो बोरी सुतली बम बरामद किए गए। पुलिस ने पटाखे जब्त कर आरोपी के विरुद्ध कोतवाली थाने में अपराध क्रमांक 936/2026 के तहत विस्फोटक अधिनियम, 1884 की धारा 9(ख) में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।कार्रवाई में इनकी रही भूमिका: कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार, प्रधान आरक्षक अभिषेक चौबे, प्रधान आरक्षक घासीराम और आरक्षक नरेन्द्र पटेरिया की भूमिका रही।

सभी उप-पंजीयक कार्यालयों में रजिस्ट्री शुल्क का सूचना-पटल लगाना अनिवार्य- कलेक्टर

दमोह। आमजन को रजिस्ट्री संबंधी सेवाओं में पारदर्शिता एवं सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिला पंजीयक दमोह को निर्देश दिए हैं कि जिला पंजीयक कार्यालय एवं जिले में संचालित सभी उप-पंजीयक कार्यालयों में शासन द्वारा निर्धारित रजिस्ट्री लेखन की फीस का सूचना-पटल (नोटिस बोर्ड) तत्काल लगवाया जाए। जारी आदेशानुसार, कार्यालयों में सहज दृश्य स्थान पर मुख्य प्रवेश द्वार के पास दीवार पर पेंट से सूचना-पटल तैयार कराया जाए, ताकि कार्यालय आने वाले आम नागरिकों को निर्धारित शुल्क की जानकारी आसानी से मिल सके। सूचना-पटल पर स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा कि शासन द्वारा रजिस्ट्री लेखन के लिए निर्धारित फीस ही देय है। यदि कोई व्यक्ति निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त किसी अन्य शुल्क या राशि की मांग करता है, तो आमजन इसकी शिकायत जिला पंजीयक दमोह अथवा संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के संपर्क नंबर पर कर सकेंगे। कलेक्टर श्री यादव ने निर्देशित किया है कि सभी संबंधित कार्यालयों में सूचना-पटल तैयार कराकर उसकी फोटो सहित पालन प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित किया जाए। इस पहल का उद्देश्य रजिस्ट्री प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाना, आम नागरिकों को अनावश्यक आर्थिक परेशानी से बचाना तथा निर्धारित शुल्क से संबंधित जानकारी सुलभ कराना है।

बांदकपुर स्टेशन चौराहे पर सड़क की खुली गुणवत्ता की पोल! धंसा ट्रक



बनवार। दमोह जिले के बांदकपुर–हिंडोरिया मार्ग स्थित स्टेशन चौराहे पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के बाजू से बनाई गई सड़क पर बुधवार शाम एक ट्रक धंस गया। ट्रक के फंसने से सड़क के दोनों ओर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासी यशपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि स्टेशन चौराहे पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके चलते ठेकेदार द्वारा बाजू से सड़क का निर्माण कराया गया था। उनका आरोप है कि सड़क की पर्याप्त धसाई नहीं होने और निर्माण की गुणवत्ता में कमी के कारण ट्रक सड़क में धंस गया। इस घटना ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं, बांदकपुर चौकी प्रभारी बीएस हजारी ने बताया कि ट्रक फंसने की सूचना मिली है। ट्रक को निकालने के लिए क्रेन मशीन की व्यवस्था की जा रही है। क्रेन बुलवाकर ट्रक को हटाने और यातायात बहाल कराने का प्रयास किया जा रहा है। अब सवाल यह है कि निर्माणाधीन ओवरब्रिज के बाजू में बनी सड़क की गुणवत्ता की जांच कब होगी और इस परेशानी के लिए जिम्मेदार कौन होगा।

रेलवे स्टेशन के बाहर 1.5 किलो गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

15 हजार रुपये का गांजा जब्त; एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

दमोह। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स के पास कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 1 किलो 500 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 15 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 27 अक्टूबर 2026 को रेलवे स्टेशन के बाहर सुलभ कॉम्प्लेक्स के पास दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पल्टू उर्फ पल्टूराम (40), पिता गौरीशंकर कुर्मी, निवासी सिमरिया, थाना रहली, जिला सागर के कब्जे से 1 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर गांजा जब्त किया। इस मामले में कोतवाली थाने में अपराध क्रमांक 935/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। इनकी रही भूमिका: कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार, उपनिरीक्षक संजय सिंह, सहायक उपनिरीक्षक राजेन्द्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक सूर्यकांत पाण्डेय, अभिषेक चौबे, आरक्षक नरेन्द्र पटेरिया एवं आरक्षक रामकृष्ण यादव की सराहनीय भूमिका रही।

गांजा तस्करी के आरोपी पर पटेरा पुलिस ने की कार्रवाई



पटेरा। जिले में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पटेरा थाना क्षेत्र के देवडोगरा निवासी राजेश साहू (40), पिता कल्लू साहू के खिलाफ PIT-NDPS अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। न्यायालय आयुक्त, सागर संभाग ने 27 अक्टूबर 2026 को आरोपी को एक वर्ष के लिए निरुद्ध रखने का आदेश जारी किया था। इसके बाद पटेरा पुलिस ने 28 अक्टूबर को उसे गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल भोपाल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध मादक पदार्थों के अवैध व्यापार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 3(1) के तहत निरोध प्रतिवेदन तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। आरोपी के खिलाफ दमोह जिले में NDPS एक्ट के तहत छह मामले दर्ज हैं, जो न्यायालय में विचाराधीन हैं। पुलिस का आरोप है कि वह ओडिशा से गांजा खरीदकर क्षेत्र में बिक्री के लिए लाता था। इसी आधार पर उसके विरुद्ध PIT-NDPS के तहत कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक रचना मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने न्यायालय के आदेश के पालन में आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई पूरी की। थाना प्रभारी निरीक्षक रचना मिश्रा, उपनिरीक्षक संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक सुरेश सिंह, प्रधान आरक्षक प्रमोद चौबे, प्रधान आरक्षक महेश उपाध्याय, आरक्षक ब्रजेश अठया, आरक्षक अमित राज, आरक्षक इंद्रजीत सिंह, आरक्षक अनिल सिंह एवं आरक्षक बालमुकुंद का योगदान रहा।

पुलिस ने छापामार कार्यवाही कर पकड़े 9 जुआरी, नगदी जप्त

हटा। जिला पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया के निर्देशन में जिले भर में पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियां रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में हटा एसडीओपी केपी सिंह के मार्गदर्शन एवं टीआई सुधीर कुमार बेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापामार कार्यवाही करते हुए हार जीत का दाव लगा रहे जुआरियो को धरदबोचने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्तजानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक सिलास कुमार, सहायक उपनिरीक्षक अरविंद राय, प्रधान आरक्षक प्रताप सिंह, भगवत, वीरेंद्र, कमल ठाकुर, आरक्षक रामसिंह, आरक्षक प्रखर मिश्रा, आरक्षक माखन सींग, विक्रम, विजय गंधर्व, पवन पटेल, सैनिक अरविंद सिंह, राजेंद्र आदि की टीम ने मुखबिर की सूचना पर नगर हटा के चंडी जी वार्ड स्थित रनेह मार्ग के समीप घेराबंदी कर छापामार कार्यवाही को अंजाम दिया। जहां पुलिस ने हार जीत दांव लगा रहे 9 स्थानीय जुआरियों को धर दबोचा। पुलिस ने सभी आरोपियों के कब्जे से कुल 37,500 रुपए नगदी एवं 52 ताश पत्ती जप्त करते हुए सभी के विरुद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। गौरतलब हो कि दीपवाली के पावन पर्व को जुआरी सक्रिय हो जाते है लेकिन इसी जुआ के दलदल में फंसकर कई परिवार बर्बाद हो जाते है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की अवैध गतिविधियां रोकने के लिए पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी और उक्त गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर सभी विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।